प्रेस नोट
दिनांक 18.03.2025, थाना कोतवाली नगर
जनपद गोण्डा।

थाना को0नगर पुलिस द्वारा अश्लिल फोटो वायरल करने की धमकी देकर रूपये की माँग करने के आरोपी अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्री आनन्द कुमार राय के कुशल नेतृत्व में थाना को0नगर पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-185/2025 धारा 384, 386, 509, 506 भादवि व 67A आईटी एक्ट व एनबीडब्लू न्यायालय सीजेजेडी/एफटीसी द्वितीय मामला सं-21225/24 धारा 138 एन0आई0 एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त दीपांशू डुडेजा पुत्र नरेश डुडेजा निवासी प्लैट न0 2636 टावर 3ए लैण्ड क्राफ्ट गोल्फ लिंक्स थाना कविनगर गाजियाबाद को पुलिस चौकी इण्डस्ट्रियल एरिया थाना कविनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी सुनील कुमार पास पुत्र गुरूदयाल पासी निवासी सिविल लाइन आईटीआई रोड़ थाना कोतवाली नगर, गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली नगर पर सूचना दी गई कि उनकी पुत्री की शादी वर्ष 2016 में हुई थी। जिसमें दहेज उत्पीडन का मुकदमा चल रहा है। विपक्षी द्वारा ई-मेल व व्हाट्एप मैसेज करके मुकदमा वापस लेने का दवाब बना रहे है तथा वादी की पुत्री पर जानलेवा हमला करके रूपये की माँग की जा रही है, नही देने पर अश्लिल फोटो वीडियों सोशल मीडिया पर अपलोड करने की धमकी दे रहे है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली नगर पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ। आज दिनांक 18.03.2025 को थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आरोपी अभियुक्त दीपांशू डुडेजा पुत्र नरेश डुडेजा निवासी प्लैट न0 2636 टावर 3ए लैण्ड क्राफ्ट गोल्फ लिंक्स थाना कविनगर गाजियाबाद को पुलिस चौकी इण्डस्ट्रियल एरिया थाना कविनगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

01. दीपांशू डुडेजा पुत्र नरेश डुडेजा निवासी प्लैट न0 2636 टावर 3ए लैण्ड क्राफ्ट गोल्फ लिंक्स थाना कविनगर गाजियाबाद।

पंजीकृत अभियोग-

01. मु0अ0स0-185/2025 धारा 384, 386, 509, 506 भादवि व 67A आईटी एक्ट थाना कोतवाली नगर, जनपद गोण्डा।

गिरफ्तारकर्ता टीम-

01. उ0नि0 उदित वर्मा
02. का0 अमित तोमर
03. का हरिकेश कुमार सिंह

मीडिया सेल, गोण्डा।

प्रेस- नोट
दिनांक 18.03.2025

माननीय मुख्यमंत्री जी के जनपद गोण्डा में भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल मेडिकल कालेज गोण्डा व पुलिस लाइन हैलीपैड का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में की गई तैयारियों की ली गयी जायजा, संबन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश-

दिनांक 20.03.2025 को माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के जनपद गोण्डा में प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम व मण्डल स्तरीय अधिकारियों के साथ कानून व्यवस्था एवं विकास कार्यों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक गोण्डा श्री विनीत जायसवाल द्वारा प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय गोण्डा व पुलिस लाइन हेलीपैड गोण्डा का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में की गई तैयारियों की जायजा लिया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

महोदय द्वारा बताया गया की दिनांक 20.03.2025 को माननीय मुख्यमंत्री जी के प्रस्तावित आगमन व भ्रमण कार्यक्रम के दौरान जनपद गोण्डा में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु समस्त तैयारिया कर ली गयी है। कार्यक्रम के दौरान पर्याप्त संख्या में पुलिस बल व पी0ए0सी0 की ड्यूटी लगाई गयी है जिसमें 04 अपर पुलिस अधीक्षक, 11 पुलिस उपाधीक्षक, 25 प्र0नि0/निरीक्षक सहित पर्याप्त संख्या में उप निरीक्षक तथा विभिन्न रैंक के पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी वर्दी/शादे वस्त्र में लगाई गयी है। कार्यक्रम स्थल के आस पास लगातार स्थानीय अभिसूचना इकाई के द्वारा हैण्ड हेल्ड मेटेल डिटेक्टर के माध्यम से व डॉग स्क्वायड द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वस्तुओं एवं वाहनों की जगह-जगह चेकिंग करायी जा रही है तथा सुरक्षा व्यवस्था के लिए अनवरत भ्रमणशील रहकर विभिन्न ग्रामों/मोहल्ला/कस्बों में रूट मार्च किया जा रहा है।

मीडिया सेल, गोण्डा।